महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक : रू०वि०/प०नि०का०/2025/1936-1945

दिनांक: 07.03.2025

प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित वार्षिकी प्रणाली के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर (बी०ए०, बी०एस०सी०, बी०काम०) द्वितीय एवं तृतीय वर्ष, परास्नातक स्तर पर (एम०ए०, एम०एस०सी०, एम०काम०) द्वितीय वर्ष एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम (वार्षिकी) के स्नातक स्तर पर बी०एस०सी० (गृहविज्ञान, कम्प्यूटर सांइस, बायोटैक्नालॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, आनर्स), बी०काम० (आनर्स/कम्प्यूटर) एवं परास्नातक स्तर पर एम०एस०सी० (गृहविज्ञान) तथा बी०एड०, बी०पी०एड०, एम०एड०, बी०एल०एड० एवं डिप्लोमा पाठ्यकमों के संस्थागत/भूतपूर्व परीक्षा वर्ष 2025 एवं विश्वविद्यालय परीक्षा 2024 अथवा इससे पूर्व वर्षो के स्नातक स्तर पर खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा तथा पर्यावरण विज्ञान विषय में Not Cleared छात्रों हेतु विशेष परीक्षा सुधार परीक्षा के आवेदन पत्र भरने जाने की अन्तिम तिथि 05.03.2025 निर्धारित थीं। छात्रहित को दृष्टिगत विलम्ब शुल्क रू0 500/– के साथ उक्त तिथि को निम्न विवरणानुसार विस्तारित किया जाता है–

अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाईन परीक्षा फार्म पुनः उपलब्ध होने की तिथि	07.03.2025
अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा फार्म भरने एवं ऑनलाइन शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि	10.03.2025
अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने एवं महाविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन पत्रों को Online Approve करने की अन्तिम तिथि	11.03.2025

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्राचार्य/प्राचार्या, संबंधित महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्त समय सारिणी के अनुसार आनलाईन आवेदन पत्र जमा कराया जाना सुनिश्चित करें। यह भी सुनिश्चित करें कि ऑनलाइन परीक्षाफार्म नियमानुसार भलीभाँति परीक्षण कर ही सत्यापित कर विश्वविद्यालय को ऑनलाईन अग्रसारित किया गया है। किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा। आवेदन पत्र की हार्डकापी विश्वविद्यालय में व्यक्तिगत अथवा डाक द्वारा जमा नहीं होंगी।
2. वित्त अधिकारी
3. डा0 अमित सिंह, मीडिया प्रभारी
4. उप कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)
5. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट
6. प्रभारी, केन्द्रीय कम्प्यूटर को इस आशय से कि सम्बन्धित डाटा ऑनलाईन एजेन्सी को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।
7. प्रभारी, संबंधित एजेन्सी ऑनलाईन परीक्षाफार्म को इस आशय से कि कृपया प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र से सम्बन्धित डाटा प्राप्त कर तदानुसार आवेदन भरवाया जाना सुनिश्चित करें।
8. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
9. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव

परीक्षा नियंत्रक